# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2009 सत्र

**मंगलवार, दिनांक 28 जुलाई, 2009**

## तारांकित प्रश्नोत्तर

प्रतापपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत चिकित्सालयों में रिक्त पदों की पूर्ति

1. ( *क्र. 481 ) **डॉ. प्रेमसाय सिंह** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रतापपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत विकासखण्डवार कितने और कहां-कहां 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं ? (ख) उक्त चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में संस्थावार कितने-कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने भरे हैं, कितने पद रिक्त हैं तथा कब से रिक्त हैं ? (ग) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर ली जायेगी ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार. (ग) निश्चित समय-सीमा बता पाना संभव नहीं.

रायगढ़ एवं जशपुर जिला में मानव तस्करी के दर्ज प्रकरण

2. ( *क्र. 752 ) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में दिनांक 07-07-2009 तक रायगढ़ एवं जशपुर जिलों के किन-किन थाना क्षेत्रों में मानव तस्करी के कुल कितने प्रकरण दर्ज हुए ? थानावार दर्ज प्रकरणों की जानकारी दें ? (ख) दर्ज प्रकरणों में कितने-कितने युवक-युवतियों को मुक्त कराया गया तथा कितने अपराधियों की गिरफ्तारी हुई ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर ) : (क) जी नहीं. प्रश्नाधीन अवधि में रायगढ़ एवं जशपुर जिलों में मानव तस्करी के एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुये हैं. (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

रायगढ़ में मेडिकल कालेज की स्थापना

3. ( *क्र. 176 ) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिला में मेडिकल कॉलेज हेतु 2008-09 में किस तिथि को मेडिकल कॉलेज भवन, छात्रावास एवं आवासीय परिसर निर्माण हेतु शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किस ग्राम में किया गया है ? (ख) कौन-कौन सी खसरा नम्बर की कुल कितनी-कितनी रकबा भूमि आवंटित की गई है ? कितनी-कितनी लागत राशि का कौन-कौन से भवन निर्माण का टेंडर किस-किस समाचार पत्रों में कब-कब प्रकाशित किया गया ? भवन निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? (ग) रायगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिये राज्य शासन ने मेडिकल कौंसिल आफ इंडिया को लेटर ऑफ इंटेन्ट/लेटर आफ परमिशन के लिये कब-कब पत्राचार किया ? मेडिकल कौंसिल ने अब तक क्या-क्या लिखा है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) रायगढ़ जिले में मेडिकल कॉलेज हेतु 2008-09 में दिनांक 10-08-2008 को मेडिकल कॉलेज भवन, छात्रावास एवं आवासीय परिसर निर्माण हेतु शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा ग्राम-बेन्द्राचुआ में किया गया है. (ख) नाम-बेन्द्राचुआ, पहनं-13, तहसील-रायगढ़ स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 20/3, 20/4, 20/5, 20/6, 20/7, 31, 33/1 रकबा क्रमशः 1.162 हेक्टेयर, 0.081 हेक्टेयर, 0.202 हेक्टेयर, 5.843 हेक्टेयर, 2.080 हेक्टेयर, 7.413 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 07, कुल रकबा-16.186 हेक्टेयर, भूमि आवंटित की गई है. लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में भवन निर्माण हेतु कोई टेण्डर नहीं लगाया गया है. समस्त भवनों के निर्माण के लिए केवल पूर्व अर्हता (प्री-क्वालीफिकेशन) के लिए निविदा दिनांक 08-07-09 द्वारा आमंत्रित की गई है.

जिसका प्रकाशन निम्न समाचार पत्रों में किया गया है :—

1. हरिभूमि-रायपुर, 2. द हितवाद-रायपुर, 3. पंजाब केशरी-दिल्ली, 4. इंडियन एक्सप्रेस-मुंबई, 5. इंडियन ट्रेड जरनल-कोलकता. भवन निर्माण कार्य की पूर्णता तिथि निर्धारित नहीं होने के कारण समय-सीमा बतलाया जाना संभव नहीं है. (ग) रायगढ़ में मेडिकल कालेज खोलने के लिए लेटर ऑफ इन्टेंट/लेटर ऑफ परमिशन के लिए नियमानुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय भारत सरकार को दिनांक 23-08-2002 को प्रस्ताव प्रेषित किया गया था. भारत सरकार के पत्र दिनांक 17 दिसम्बर, 2003 में कालेज परिसर में 300 बिस्तरीय अस्पताल नहीं होने की कमी बताते हुए प्रस्ताव वापिस किया गया है.

## कैंसर अस्पताल प्रारंभ करने हेतु वेदान्ता ग्रुप के साथ निष्पादित एम. ओ. यू.

4. (*क्र. 857) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या छ. ग. शासन एवं वेदान्ता ग्रुप के बीच रायपुर में कैंसर अस्पताल प्रारंभ करने हेतु एम. ओ. यू. किया गया है ? यदि हां, तो एम.ओ.यू. की तारीख सहित एम. ओ. यू. की शर्तें बतायें ? (ख) क्या यह सत्य है कि, प्रश्नांश "क" कैंसर अस्पताल के लिये छ. ग. शासन द्वारा वेदान्ता ग्रुप को शासकीय भूमि का आवंटन किया गया है ? यदि हां, तो किस तिथि को, किस स्थान पर, कितना रकबा दिया गया है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जी हां. एम. ओ. यू. की तारीख 15-08-2008 है. एम. ओ. यू. की छायाप्रति † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) ग्राम सड्डू, प.ह.नं. 109 स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 99/1 एवं खसरा नंबर 08 में से 40 एकड़ कैंसर हॉस्पीटल एवं रिसर्च सेंटर के निर्माण हेतु दिनांक 19 फरवरी, 2008 एवं 03 अक्टूबर, 2008 को आवंटित किया गया है.

## शासकीय जिला चिकित्सालय में दवा, उपकरण खरीदी पर व्यय राशि

5. (*क्र. 717) **श्री भोलाराम साहू :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 से दिनांक 2-7-2009 तक राजनांदगांव जिला के शासकीय जिला चिकित्सालय में दवा, उपकरण तथा अन्य सामग्रियों पर कुल कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है ? (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित दवा, उपकरण तथा अन्य सामग्रियां किस फर्म/संस्था/एजेन्सी से कितनी मात्रा में किस दर पर खरीदी गई है ? (ग) उक्त खरीदी सामग्री की अनुमोदित दरें क्या हैं एवं कितनी मात्रा में किस दर पर खरीदी की गई ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित किया जा रहा है.

## आरंग विधान सभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति

6. (*क्र. 121) **श्री रूद्र कुमार गुरू :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आरंग विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र हैं ? कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन हैं ? (ख) आरंग विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में कितने ग्रामों में आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान की गई ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) आरंग विधान सभा क्षेत्र में 266 आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत हैं. स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 133 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्वयं के भवन स्वीकृत नहीं है. (ख) आरंग विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2007-2008 एवं वर्ष 2008-2009 में नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति नहीं दी गई है.

## जशपुर जिले में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु भवन व्यवस्था तथा स्टाफ की पूर्ति

7. (*क्र. 682) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जशपुर जिले के अंतर्गत कितने स्वास्थ्य केन्द्र कहां-कहां संचालित हैं ? स्वीकृत पदों सहित जानकारी देवें ? (ख) स्वीकृत स्वास्थ्य केन्द्रों में कौन-कौन से स्वास्थ्य केन्द्र भवन विहीन हैं ? (ग) किन-किन स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पद के विरूद्ध कर्मचारी पदस्थ नहीं हैं ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार. (ख) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार. (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

---

† परिशिष्ट "एक"

रायपुर में हत्या के पंजीबद्ध प्रकरणों पर कार्यवाही

8. ( *क्र. 705 ) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजधानी रायपुर में वर्ष 2007, 2008 एवं 2009 में दिनांक 06-07-09 तक हत्या के कितने प्रकरण पंजीबद्ध हुये ? थानावार जानकारी देवें. (ख) कितने प्रकरणों का निपटारा हो चुका है ? कितने विवेचना में है ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर ) : (क) राजधानी रायपुर में वर्ष 2007 में हत्या के (38), वर्ष 2008 में (33) एवं वर्ष 2009 में दिनांक 06-07-09 तक (15) कुल 86 प्रकरण पंजीबद्ध हुये हैं, थानावार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) कुल पंजीबद्ध 86 प्रकरणों में से 75 प्रकरणों का निपटारा हो चुका है एवं 11 प्रकरण विवेचनाधीन है.

जिला जांजगीर-चांपा के स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी

9. ( *क्र. 853 ) **महन्त रामसुन्दर दास** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में कुल कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं ? विकासखण्डवार पृथक-पृथक बतायें. (ख) उपरोक्त केन्द्रों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध वर्तमान में कितने-कितने चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं ? केन्द्रवार पृथक-पृथक बतायें. (ग) उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पदों के अनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

बसना एवं पिथौरा विकासखण्ड में धान की खरीदी एवं बोनस वितरण

10. ( *क्र. 915 ) **श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिले के बसना एवं पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत कितने धान खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं ? (ख) 01 जनवरी, 2008 से 30 जून, 2009 तक कितनी धान खरीदी गई ? केन्द्रवार बतायें. (ग) उक्त समयावधि में कितने बोनस प्रदान किया गया तथा कितना बोनस बकाया है ? शेष राशि कब तक प्रदान की जावेगी ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर ) : (क) महासमुन्द जिले के बसना एवं पिथौरा विकासखण्ड में 38 धान खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं. (ख) 01 जनवरी 2008 से 30 जून 2009 तक कुल 14,44,978 क्विंटल धान खरीदी की गई. केन्द्रवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में है. (ग) उक्त समयावधि में कुल रु. 2199.19 लाख बोनस प्रदान किया गया तथा रु. 1077.46 लाख बोनस बकाया है. शेष राशि भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

सरगुजा जिला में महिला उत्पीड़न व बलात्कार के दर्ज प्रकरण

11. ( *क्र. 640 ) **श्री रामदेव राम** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-09 में सरगुजा जिले के लुण्ड्रा, धौरपुर, बतौली, राजपुर, अम्बिकापुर, सदर एवं देहात थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं के साथ महिला उत्पीड़न व बलात्कार के कितने प्रकरण दर्ज किये गये ? (ख) दर्ज किये गये प्रकरणों में कितने दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई ? कितने प्रकरण लंबित हैं ? लंबित रहने का क्या कारण है ? (ग) लंबित प्रकरणों में कब तक कार्यवाही पूर्ण की जायेगी ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर ) : (क) सरगुजा जिले के लुण्ड्रा, धौरपुर, बतौली, राजपुर, अम्बिकापुर, सदर एवं देहात थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं पर घटित अपराध के वर्ष 2008 में महिला उत्पीड़न का 01 एवं बलात्कार के 11 तथा वर्ष 2009 में महिला उत्पीड़न के 04 एवं बलात्कार के 02 प्रकरण दर्ज किये गये हैं. (ख) दर्ज किये गये प्रकरणों में 24 दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है. कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है. (ग) प्रश्नांश (ख) के उत्तर के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

† परिशिष्ट "दो"

†† परिशिष्ट "तीन"

जिला कोरबा के भवन विहीन उप-स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु भवन व्यवस्था

12. ( *क्र. 665 ) **श्री बोधराम कंवर :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले के किन-किन ग्रामों में उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन नहीं हैं ? कृपया विकासखण्डवार जानकारी दें ? (ख) उक्त स्थानों में भवनों के निर्माण हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ? (ग) वर्ष 2009-2010 में कितने भवनों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

जिला जांजगीर-चांपा में विभिन्न पेंशन योजना के तहत पेंशन का प्रदाय

13. ( *क्र. 378 ) **श्री दूजराम बौद्ध :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ एवं नवागढ़ विकासखण्ड अंतर्गत 01 जनवरी, 2008 से 30 जून, 2009 तक माहवार कितने निराश्रित, नि:शक्तजन, वृद्धा एवं विधवा (सुखद सहारा) परित्यक्ता को पेंशन प्रदान की गई ? विकासखण्डवार बताएं. (ख) उक्त पेंशनधारियों को वर्तमान में कितने रुपये मासिक दर से पेंशन प्रदान की जाती है ? अलग-अलग बतावें.

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) 65 वर्ष आयु के नीचे के हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं सुखद सहारा योजना अन्तर्गत रुपये 200/- प्रतिमाह एवं 65 वर्ष आयु के ऊपर के हितग्राहियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना अन्तर्गत रुपये 300/- प्रतिमाह पेंशन प्रदाय की जाती है.

मेडिकल उपकरणों की खरीदी में अनियमितता

14. ( *क्र. 769 ) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सही है कि तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्रमांक 1462) दिनांक 07-03-2008 के उत्तर के भाग (ख) में यह जानकारी दी गई है कि मेडिकल उपकरणों की खरीदी के सम्बन्ध में 4 प्रकरणों में पुलिस में एफ. आई. आर. दर्ज कराई गई है ? यदि हां, तो चारों प्रकरणों की अद्यतन स्थिति क्या है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : जानकारी एकत्रित की जा रही है.

प्रदेश में नक्सली घटनाएं तथा उससे मृतक के परिवार को प्रदत्त मुआवजा राशि

15. ( *क्र. 56 ) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 जनवरी, 2008 से 31 मई, 2009 तक छत्तीसगढ़ प्रदेश में हुई नक्सली वारदात के कितने प्रकरण पंजीबद्ध किये गये तथा कितनी जनहानि हुई ? (ख) उक्त समयावधि में मृतक के परिवारों को मुआवजा राशि कितनी-कितनी प्रदान की गई ?

**गृह मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) 01 जनवरी, 2008 से 31 मई, 2009 तक छत्तीसगढ़ प्रदेश में नक्सली वारदात का 972 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं, जिसमें 103 पुलिसकर्मी, 33 एसपीओ शहीद हुये हैं तथा 01 गोपनीय सैनिक, 10 अन्य शासकीय कर्मी (01 फ्लाईट इंजीनियर सहित) एवं 185 आम नागरिक मारे गये हैं. (ख) उक्त समयावधि में 91 शहीद पुलिस कर्मियों के परिवारों को (39 को 5-5 लाख एवं 52 को 3-3 लाख के मान से) अनुग्रह राशि कुल 351 लाख रुपये एवं 84 परिजनों को (60 को 10 लाख एवं 24 को 10.25 लाख के मान से) कुल 846 लाख रुपये बीमा राशि प्रदान की गई है. 22 शहीद एसपीओ के परिवारों को (5-5 लाख के मान से) कुल 110 लाख रुपये एवं 88 मृतक नागरिकों के परिवारों को (रुपये एक लाख प्रति परिवार के मान से) कुल 88 लाख रुपये एवं 01 शासकीय कर्मी (फ्लाईट इंजीनियर) को (रु. 05 लाख के मान से) 05 लाख रुपये मुआवजा राशि प्रदान की गई.

आर. के. एम. पावर जोन द्वारा क्रय भूमि

16. ( *क्र. 12 ) **श्री सौरभ सिंह :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में डभरा

† परिशिष्ट "चार"

तहसील के अन्तर्गत ग्राम उच्चपिण्डा में आर. के. एम. पावर जोन, प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कितनी सरकारी जमीन किन-किन ग्राम पंचायतों से, कब-कब और कितने साल के लिए पट्टे पर ली गई है ? (ख) कितनी निजी भूमि किन ग्रामों में किस दर से ली गयी है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जिला जांजगीर-चांपा के अन्तर्गत तहसील डभरा के ग्राम उच्चपिण्डा में आर.के.एम. पावर जोन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किसी भी ग्राम पंचायत से पट्टे पर कोई जमीन नहीं ली गई है. (ख) जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्रमांक | ग्राम | रकबा (एकड़ में) | औसत बाजार मूल्य (रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1. | केकराभाठ | 86.17 | 1,04,000.00 |
| 2. | उच्चपिंडा | 109.43 | 1,06,500.00 |
| 3. | बांधापाली | 129.64 | 1,01,790.00 |
| 4. | भोगनीपाली | 48.48 | 1,45,500.00 |
| 5. | कानाकोट | 20.82 | 1,22,407.00 |
| 6. | चिवरा | 61.70 | 1,38,000.00 |
| 7. | भूरकोट | 5.73 | 1,16,920.00 |
| 8. | निमोही | 3.83 | 1,00,000.00 |
| 9. | सुखदा | 6.98 | 1,87,350.00 |
| | **कुल** | **472.78** | |

### आयुर्वेद संविदा चिकित्सकों का नियमितीकरण तथा रिक्त पदों की पूर्ति

17. (*क्र. 622) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के आयुर्वेद चिकित्सकों के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की संख्या कितनी-कितनी है ? (ख) 30-06-2009 की स्थिति में कितने आयुर्वेद संविदा चिकित्सक कार्यरत हैं ? (ग) आयुर्वेद संविदा चिकित्सकों को आयुर्वेद चिकित्सकों के रिक्त पदों पर क्या नियमितीकरण करने की कार्यवाही की जा रही है ? (घ) क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति क्या आयुर्वेद चिकित्सकों से करने की भी कार्यवाही की जाएगी ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) आयुर्वेद चिकित्सकों के 1016 पद स्वीकृत हैं एवं 499 पद रिक्त हैं. (ख) 230 आयुर्वेद संविदा चिकित्सक कार्यरत हैं. (ग) जी नहीं. (घ) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत आयुर्वेद चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति की जा रही है.

### जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में नर्सों के स्वीकृत पद

18. (*क्र. 736) **श्री टी. एस. सिंहदेव** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर के 300 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन के पूर्व नर्सों के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी थी और उन्नयन पश्चात् कितनी है ? (ख) 300 बिस्तर अस्पतालों में शासन के मापदण्ड अनुसार नर्सों के कितने पद स्वीकृत होना चाहिए ? (ग) क्या उक्त मापदण्ड अनुसार नर्सों के पद उक्त चिकित्सालय में स्वीकृत किये जायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

### विधान सभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा में स्वीकृत/रिक्त पदों की पूर्ति

19. (*क्र. 933) **श्रीमती नीलिमा सिंह टेकाम** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा जिला दुर्ग के अंतर्गत थाना डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक

के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पदों में कितने पद रिक्त हैं ? थानावार तथा वर्गवार स्वीकृत पद एवं रिक्त पदों की पृथक-पृथक जानकारी देवें ? (ख) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर) : (क) विधान सभा क्षेत्र थाना डौण्डीलोहारा जिला दुर्ग के अंतर्गत थाना डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी जिला दुर्ग में स्वीकृत/उपलब्ध एवं रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है :—

**थाना-डौण्डीलोहारा, जिला-दुर्ग**

| क्र. | किस्म पद | निरी. | उनि. | सउनि. | प्रआर. | आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वीकृत | — | 01 | 01 | 03 | 08 |
| 2. | उपलब्ध | 01 | — | 01 | 03 | 08 |
| 3. | रिक्त | — | 01 | — | — | — |

**थाना-डौण्डी, जिला-दुर्ग**

| क्र. | पद | निरी. | उनि. | सउनि. | प्रआर. | आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वीकृत | — | 01 | 02 | 05 | 20 |
| 2. | उपलब्ध | 01 | — | 01 | 04 | 13 |
| 3. | रिक्त | — | 01 | 01 | 01 | 07 |

(ख) उपनिरीक्षक के रिक्त पदों की भर्ती की गई है, जो वर्तमान में छ. ग. राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी में प्रशिक्षणरत हैं. प्रशिक्षण उपरांत रिक्त पदों की पूर्ति की जायेगी.

जिला दंतेवाड़ा में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति

20. ( *क्र. 893) **श्री भीमा मण्डावी** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दंतेवाड़ा जिले में कितने स्वास्थ्य केन्द्र/उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं ? (ख) उपरोक्तानुसार संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की पृथक-पृथक रिक्त एवं भरे पदों की जानकारी देवें ? (ग) स्वास्थ्य केन्द्रों/उपस्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के रिक्त की पूर्ति कब तक कर ली जायेगी ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

जिला राजनांदगांव में चिकित्सकों के स्वीकृत तथा रिक्त पद

21. ( *क्र. 474) **श्री शिवराज सिंह उसारे** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा उसमें से कितने पद भरे एवं रिक्त हैं ? (ख) मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों के स्वीकृत पद एवं रिक्त पदों की संख्या कितनी-कितनी है ? (ग) चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर दी जाएगी ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 199 स्वीकृत, 60 कार्यरत, 139 रिक्त. (ख) 8 स्वीकृत, 7 रिक्त. (ग) निश्चित समय-सीमा बता पाना संभव नहीं.

प्रदेश में कार्यरत मितानिनों विषयक

22. ( *क्र. 793) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में

कितनी मितानिन हैं ? कितने मितानिनों को वर्ष 2007-08 में मुख्यमंत्री दवा पेटी उपलब्ध कराई गई है (संख्या) ? (ख) जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में कितने मितानिनों को लाभ मिला एवं कितनी राशि का भुगतान किया गया ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 59489 मितानिन. 59489 मितानिन. (ख) वर्ष 07-08 की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार शेष वर्षों की जानकारी एकत्र की जा रही है.

मारपीट कर दूसरों की संपत्ति पर बलात कब्जा करने के दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

23. ( *क्र. 912) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-09 एवं 09-10 में 30 जून, 2009 तक पुलिस को, रायपुर शहर सहित, रायपुर जिले में मारपीट कर बलात् दूसरे की सम्पत्ति पर कब्जा करने की कितनी शिकायतें मिली हैं ? (ख) क्या शिकायतों पर एफ.आई.आर. दर्ज की गई यदि हां, तो कितने-कितने प्रकरणों पर, थानावार जानकारी दें ? (ग) दर्ज एफ. आई. आर. पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**गृह मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में कुल 80 शिकायतें प्राप्त हुईं. (ख) जी हां. कुल 25 प्रकरणों में एफ.आई.आर. दर्ज की गई है. थानावार जानकारी परिशिष्ट में †† संलग्न है. (ग) कुल दर्ज 25 एफ.आई.आर. प्रकरणों में से 10 प्रकरणों में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है एवं 01 प्रकरण में खात्मा भेजा गया है. शेष 14 प्रकरण विवेचनाधीन है.

रायगढ़ मेडिकल कालेज के निर्माण हेतु जारी टेंडर

24. ( *क्र. 751) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के रायगढ़ जिला में वर्ष 2008 में मेडिकल कॉलेज भवन के शिलान्यास एवं भूमि पूजन के पश्चात् निर्माण कार्य हेतु टेंडर कब जारी किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ख) क्या रायगढ़ में मेडिकल कालेज प्रारंभ करने हेतु समस्त शासकीय औपचारिकता एवं प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है ? यदि हां, तो मेडिकल कालेज कब तक प्रारंभ हो जायेगा ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) प्रदेश के रायगढ़ जिला में वर्ष 2008 में मेडिकल कालेज भवन के शिलान्यास एवं भूमि पूजन के पश्चात् निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा टेण्डर क्रमांक 1213 दिनांक 06-07-2009 जारी किया गया. (ख) रायगढ़ में मेडिकल कालेज प्रारंभ करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 10-08-2008 को शिलान्यास किया गया. शासन द्वारा भवन निर्माण के लिये रुपये 8343.81 (तिरासी करोड़ तिरालीस लाख एकयासी हजार) लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है. भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है. समय-सीमा बता पाना संभव नहीं है.

जशपुर जिले में स्कूली बच्चों के नेत्र परीक्षण कार्यक्रम हेतु राशि का आवंटन

25. ( *क्र. 683) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जशपुर जिले में वर्ष 2007-08 तथा 2008-09 में कितने स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया ? कितने बच्चों में नेत्र दोष पाया गया ? विकासखण्डवार अलग-अलग देवें. (ख) क्या नेत्र दोष पाये बच्चों को चश्मा का वितरण किया गया है ? यदि हां, तो किस फर्म से, किस दर पर क्रय किये गये ? (ग) उक्त कार्य के लिये जिले को वर्षवार कितनी राशि का आवंटन प्राप्त हुआ तथा कितनी राशि शेष है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) वर्ष 2007-08 में 40571 तथा वर्ष 2008-09 में 43466 बच्चों का. वर्ष 2007-08 में 709 तथा वर्ष 2008-09 में 742 बच्चों में नेत्र दोष पाया गया. ‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) जी हां. मेसर्स अमर ज्योति ऑप्टीकल कम्पनी दुर्ग से वर्ष 2007-08 में 55/- रुपये तथा वर्ष 2008-09 में 85/- रुपये की दर से. (ग) जिला अंधत्व निवारण समिति को वर्ष 2007-08 में 5,50,000/- रुपये तथा वर्ष 2008-09 में 5,00,000/- राशि विभिन्न कार्य सम्पादित करने हेतु आवंटन हुआ. वर्तमान में अंधत्व निवारण समिति जशपुर के खाते में रुपये 3,40,883/- की राशि शेष है.

--------------

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छ:" ‡ परिशिष्ट "सात"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 857) के भाग (क) की जानकारी ]

**वेदान्त मेडिकल रिसर्च फाउण्डेशन के साथ एम. ओ. यू. की शर्तें :—**

(1) उपरोक्त कैंसर अस्पताल बनाने के लिये राज्य शासन के द्वारा 41 एकड़ भूमि 30 वर्षों की लीज पर VMRF को प्रदान की जायेगी एवं VMRF एक विश्व स्तरीय कैंसर अस्पताल 300 करोड़ रुपये की लागत से 3 वर्ष में बनाकर देगा. इसके लिये आवश्यक स्वीकृतियां प्राथमिकता के आधार पर राज्य सरकार के द्वारा प्रदान की जायेगी, क्योंकि सरकार इस परियोजना को समय-सीमा में पूर्ण करना चाहती है.

(2) इस भूमि पर VMRF का मालिकाना हक नहीं होगा एवं इसका उपयोग पूरी तरह से कैंसर अस्पताल के बनाने एवं उससे संबंधित गतिविधियों के लिए ही किया जायेगा. अगर VMRF इस M.O.U. के उद्देश्यों के अलावा कोई भी अन्य कार्य इस भूमि पर करना चाहता है तो उसे राज्य शासन की पूर्व सहमति की आवश्यकता होगी.

(3) VMRF के द्वारा कैंसर के क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा देने का भी कार्य किया जायेगा एवं कैंसर की उचित स्क्रीनिंग एवं जांच की व्यवस्था की जायेगी.

(4) राज्य शासन के द्वारा वित्त विभाग एवं वाणिज्यिक कर विभाग की सहमति से VMRF के अलाभकर स्वरूप को देखते हुए कुछ करों से छूट दी जा सकती है, परंतु अगर VMRF एक वाणिज्यिक संस्थान में बदल जाता है, तो ऐसी छूट तत्काल प्रभाव से समाप्त हो जायेगी.

(5) बिजली, पानी एवं म्यूनिसपल के द्वारा जो सामान्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, वह उचित दर पर प्रदान की जाएगी, जो सामाजिक संस्थाओं एवं कल्याणकारी संस्थाओं को प्रदान की जाती है और इस पर भी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की पूर्व सहमति ली जायेगी. इसके अलावा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की भावना के अनुरूप VMRF के प्रशासन में राज्य शासन की भी भूमिका सुनिश्चित की जाएगी, क्योंकि शासन के द्वारा इस कार्य हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है. अत: अस्पताल प्रबंधन में शासन की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होगी एवं शासन के प्रतिनिधि अस्पताल प्रबंधन में आवश्यक रूप से सम्मिलित किये जायेंगे. VMRF के द्वारा राज्य शासन के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों को भी उपचार की सुविधाएं प्रदान की जायेगी, जैसे कि रायपुर स्थित कैंसर अस्पताल के द्वारा प्रदान की जा रही है. इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं स्वास्थ्य मंत्री जी को यह अधिकार होगा कि वे निश्चित संख्या में, कैंसर रोगियों को इस अस्पताल में मुफ्त ईलाज हेतु भेज सके. इन रोगियों की संख्या VMRF तथा राज्य सरकार की सहमति से तय की जायेगी.

(6) VMRF कैंसर अस्पताल के बोर्ड आफ डायरेक्टर में डायरेक्टर-मेडिकल शिक्षा, HOD-रेडियोलॉजी, मेडिकल कालेज, को सचिव-स्वास्थ्य के अलावा सम्मिलित किया जायेगा. ये इस संस्थान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में राज्य शासन के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि होंगे, जिनके हाथ में निर्णायक शक्तियां प्रदान की जायेगी, ताकि नागरिकों के कल्याण के उद्देश्य की अनदेखी न की जा सके.

(7) VMRF के द्वारा प्रतिवर्ष विधिवत लेखे तैयार किये जाएंगे एवं इसकी प्रति राज्य शासन को भी दी जायेगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि VMRF के सेक्शन-25 भारतीय कंपनी अधिनियम के तहत कार्य कर रहा है अथवा नहीं. इसके अलावा प्रतिवर्ष सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रशासनिक अंकेक्षण भी कराया जायेगा, ताकि M.O.U. की शर्तों का अनुपालन निश्चित किया जा सके.

(8) राज्य शासन समय-समय पर आय की वह सीमा तय करेगी, जिस सीमा के नीचे के रोगियों को मुफ्त कैंसर अस्पताल की सुविधा VMRF के द्वारा प्रदाय की जायेगी. इस हेतु बोर्ड ऑफ डायरेक्टर VMRF तथा राज्य शासन के संयुक्त वार्तालाप से यह राशि निश्चित की जायेगी. इसके अलावा दवाओं Consumable एवं Disposables की राशि में भी 50 प्रतिशत की छूट संस्थान के द्वारा प्रदान की जायेगी.

(9) अगर इस M.O.U. के संबंध में कोई भी विवाद उत्पन्न होता है तो उसे मुख्य सचिव-छत्तीसगढ़ शासन को समाधान हेतु प्रस्तुत किया जायेगा. अगर इस समाधान से संबद्ध कोई पक्ष असंतुष्ट है, तब नियमानुसार Arbitration and Concilliation Act, 1996 के तहत कार्यवाहियां की जाएंगी. Arbitration का स्थान रायपुर-छत्तीसगढ़ होगा.

(10) अगर इस परियोजना में कोई भी विलम्ब होता है, जिसके लिए प्राकृतिक शक्तियां जिम्मेदार नहीं है, तो VMRF इसके लिए उत्तरदायी होगा, परंतु प्राकृतिक शक्तियों के कारण अगर परियोजना में विलम्ब होता है तो उसके लिए VMRF जिम्मेदार नहीं होगा.

(11) अगर प्रोजेक्ट की सीमा के भीतर संबंधित अस्पताल VMRF के द्वारा स्थापित नहीं किया जाता है तो राज्य शासन को अधिकार होगा कि वह इस M.O.U. को निरस्त कर सकेंगी एवं VMRF को दी गई भूमि के लीज को भी निरस्त कर सकेंगी.

(12) राज्य शासन द्वारा एक वरिष्ठ अधिकारी को माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय में नोडल अधिकारी के रूप में इस कार्य के लिए रखा जायेगा कि समय-सीमा में इस कार्य को किया जा सकेगा.

---

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 705) के भाग (क) की जानकारी ]

### राजधानी रायपुर में वर्ष 2007, 2008 एवं 2009 में दिनांक 06-07-09 तक हत्या के अपराधों की जानकारी

| क्रमांक | थाना | अवधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2007 | वर्ष 2008 | वर्ष 2009 में दि. 06-07-09 | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | डी. डी. नगर | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 2. | तेलीबांधा | 6 | 3 | 1 | 10 |
| 3. | खमतराई | 3 | 7 | 3 | 13 |
| 4. | पंडरी | 3 | 1 | 1 | 5 |
| 5. | आमानाका | 4 | 3 | 0 | 7 |
| 6. | सरस्वतीनगर | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 7. | सिविल लाईन | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 8. | टिकरापारा | 4 | 7 | 3 | 14 |
| 9. | गोलबाजार | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 10. | गुढ़ियारी | 4 | 2 | 2 | 8 |
| 11. | गंज | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 12. | आजाद चौक | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 13. | पुरानी बस्ती | 1 | 1 | 2 | 4 |
| 14. | देवेन्द्र नगर | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 15. | मौदहापारा | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 16. | कोतवाली | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 17. | राजेन्द्रनगर | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | योग | 38 | 33 | 15 | 86 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 915) के भाग (ख) की जानकारी ]

**विकासखण्ड बसना एवं पिथौरा की धान खरीदी की जानकारी**

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | केन्द्र का नाम | 01 जनवरी 2008 से 30 जून 2009 तक धान खरीदी (क्विं. में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | पिथौरा | घोंच | 23583 |
| 2. | | सोनासिल्ली | 41987 |
| 3. | | बरेकेल | 20162 |
| 4. | | टेका | 5060 |
| 5. | | बढ़ईपाली | 13908 |
| 6. | | सरकड़ा | 68057 |
| 7. | | बुंदेली | 17757 |
| 8. | | बेलडीह | 41129 |
| 9. | | भुरकोनी | 18715 |
| 10. | | मुढ़ीपार | 20404 |
| 11. | | पिथौरा | 29352 |
| 12. | | कौहाकुड़ा | 33290 |
| 13. | | सपौस | 20676 |
| 14. | | सल्डीह | 29457 |
| 15. | | सागुनढाप | 15233 |
| 16. | | परसवानी | 43645 |
| 17. | | पेंड्रावन | 81525 |
| 18. | | सांकरा | 33508 |
| 19. | | सुखीपाली | 24701 |
| 20. | | पथरला | 29914 |
| 21. | | आरंगी | 74188 |
| 22. | | पिरदा | 71883 |
| 23. | | सरकंडा | 79083 |
| 24. | | भस्करापाली | 30012 |
| | | **योग** | **867229** |
| 1. | बसना | रसोड़ा | 33236 |
| 2. | | खरोरा | 96590 |
| 3. | | बिछिया | 10041 |
| 4. | | बसना | 43146 |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 5. | | भुकेल | 53129 |
| 6. | | बढेडाबा | 23521 |
| 7. | | गढफुलझर | 24042 |
| 8. | | अंकोरी | 21263 |
| 9. | | उड़ेला | 32197 |
| 10. | | बाराडोली | 17829 |
| 11. | | भंवरपुर | 78709 |
| 12. | | बिछिया | 46736 |
| 13. | | लम्बर | 49776 |
| 14. | | बढेसाजापाली | 47534 |
| | | **योग** | **577749** |
| | | **महायोग** | **1444978** |
| | | **( दोनों विकासखंडों का )** | |

**टीप :—** (1) खरीफ विपणन वर्ष 2007-08 के दौरान राज्य के किसानों से धान की नगद खरीदी समर्थन मूल्य योजनांतर्गत दिनांक 01 नवम्बर, 2007 से 31 जनवरी, 2008 तक एवं लिकिंग योजना के तहत् दिनांक 01 नवम्बर, 2007 से 15 फरवरी, 2008 तक की गई है.

(2) खरीफ विपणन वर्ष 2008-09 के दौरान समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत राज्य के किसानों से धान की नगद खरीदी दिनांक 20 अक्टूबर, 2008 से 31 जनवरी, 2009 तक एवं लिकिंग योजना के तहत दिनांक 20 अक्टूबर 2008 से 15 फरवरी 2009 तक की गई है.

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 378) के भाग (क) की जानकारी ]

**विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—**

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | माह का नाम | पेंशन हितग्राहियों की संख्या जिन्हें भुगतान किया जा रहा है | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल निराश्रित हितग्राही सभी योजनाओं में | नि:शक्तजन | वृद्धावस्था | विधवा/परित्यक्ता |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | पामगढ़ | जनवरी-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | फरवरी-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | मार्च-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | अप्रैल-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | मई-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | जून-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | जुलाई-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | अगस्त-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | सितम्बर-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | अक्टूबर-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | नवम्बर-2008 | 1654 | 152 | 791 | 245 |
| | | दिसम्बर-2008 | 3536 | 152 | 2673 | 245 |
| | | जनवरी-2009 | 3536 | 152 | 2673 | 245 |
| | | फरवरी-2009 | 4209 | 152 | 2881 | 408 |
| | | मार्च-2009 | 4209 | 152 | 2881 | 408 |
| | | अप्रैल-2009 | 4209 | 152 | 2881 | 408 |
| | | मई-2009 | 4209 | 152 | 2881 | 408 |
| | | जून-2009 | 4209 | 152 | 2881 | 408 |
| 2. | नवागढ़ | जनवरी-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | फरवरी-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | मार्च-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | अप्रैल-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | मई-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | जून-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | जुलाई-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | अगस्त-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | सितम्बर-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अक्टूबर-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | नवम्बर-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | दिसम्बर-2008 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | जनवरी-2009 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | फरवरी-2009 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | मार्च-2009 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | अप्रैल-2009 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | मई-2009 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |
| | | जून-2009 | 5836 | 166 | 3543 | 1072 |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 793) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्र. | जिला का नाम | कुल मितानिनों की संख्या | वर्ष 2007-08 में दवा पेटी उपलब्ध कराई जा चुकी मितानिनों की संख्या | वर्ष 2007-08 में जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त कर चुकी मितानिनों की जानकारी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लाभ मिले मितानिनों की संख्या | भुगतान की गई राशि |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | धमतरी | 1627 | 1627 | 1122 | 595000.00 |
| 2. | बस्तर | 5167 | 5167 | 3985 | 1022800.00 |
| 3. | कबीरधाम | 1633 | 1633 | 1522 | 452000.00 |
| 4. | कांकेर | 2776 | 2776 | 1848 | 369600.00 |
| 5. | कोरिया | 2133 | 2133 | 1957 | 840000.00 |
| 6. | कोरबा | 2274 | 2274 | 1023 | 483800.00 |
| 7. | महासमुंद | 2007 | 2007 | 1908 | 1944000.00 |
| 8. | बिलासपुर | 4204 | 4204 | 2409 | 481800.00 |
| 9. | रायपुर | 6691 | 6691 | 6691 | 1442000.00 |
| 10. | रायगढ़ | 3731 | 3731 | 3722 | 1803000.00 |
| 11. | राजनांदगांव | 3740 | 3740 | 3512 | 702400.00 |
| 12. | सरगुजा | 8259 | 8259 | 8259 | 4851168.00 |
| 13. | दंतेवाड़ा | 3414 | 3414 | 1543 | 312600.00 |
| 14. | दुर्ग | 5062 | 5062 | 4908 | 1176700.00 |
| 15. | जांजगीर-चांपा | 3586 | 3586 | 1467 | 293400.00 |
| 16. | जशपुर | 3185 | 3185 | 1993 | 477200.00 |
| | योग | 59489 | 59489 | 47889 | 17247468 |

## परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 912) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्र. | थाना | वर्ष | प्राप्त शिकायत | दर्ज एफ. आई. आर. |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | न्यू राजेन्द्र नगर | 2008-09 | 1 | 1 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 2 | 2 |
| 2. | डी.डी. नगर | 2008-09 | 6 | 0 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 5 | 0 |
| 3. | गोल बाजार | 2008-09 | 3 | 1 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 3 | 1 |
| 4. | तेलीबांधा | 2008-09 | 13 | 2 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 7 | 1 |
| 5. | सिविल लाईन | 2008-09 | 2 | 0 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 0 | 0 |
| 6. | माना कैम्प | 2008-09 | 1 | 0 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 0 | 0 |
| 7. | मौदहापारा | 2008-09 | 12 | 0 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 2 | 0 |
| 8. | कसडोल | 2008-09 | 2 | 1 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 0 | 0 |
| 9. | देवभोग | 2008-09 | 4 | 4 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 2 | 2 |
| 10. | गुढ़ियारी | 2008-09 | 3 | 0 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 2 | 0 |
| 11. | अभनपुर | 2008-09 | 1 | 1 |
| | | 2009-10<br>30 जून 2009 तक | 0 | 0 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 12. | टिकरापारा | 2008-09 | 1 | 1 |
| | | 2009-10 | 0 | 0 |
| | | 30 जून 2009 तक | | |
| 13. | कोतवाली | 2008-09 | 2 | 2 |
| | | 2009-10 | 0 | 0 |
| | | 30 जून 2009 तक | | |
| 14. | धरसींवा | 2008-09 | 1 | 1 |
| | | 2009-10 | 0 | 0 |
| | | 30 जून 2009 तक | | |
| 15. | पंडरी | 2008-09 | 0 | 0 |
| | | 2009-10 | 3 | 3 |
| | | 30 जून 2009 तक | | |
| 16. | आमानाका | 2008-09 | 0 | 0 |
| | | 2009-10 | 2 | 2 |
| | | 30 जून 2009 तक | | |
| | योग | 2008-09 | 52 | 14 |
| | | 2009-10 | 28 | 11 |
| | महायोग | | 80 | 25 |

## परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 683) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | वर्ष 2007-08 | | वर्ष 2008-09 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्कुली बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया | बच्चों में नेत्र दोष पाया गया | स्कुली बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया | बच्चों में नेत्र दोष पाया गया |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | पत्थलगांव | 12803 | 196 | 13782 | 108 |
| 2. | कांसाबेल | 4300 | 86 | 4883 | 196 |
| 3. | फरसाबहार | 5009 | 93 | 4515 | 78 |
| 4. | बगीचा | 4413 | 96 | 4841 | 84 |
| 5. | कुनकुरी | 4944 | 57 | 5714 | 50 |
| 6. | दुलदुला | 2638 | 88 | 2610 | 83 |
| 7. | मनोरा | 2299 | 34 | 2219 | 53 |
| 8. | जशपुर | 4165 | 59 | 4902 | 90 |
| | कुल | 40571 | 709 | 43466 | 742 |